# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, वेबसाईट : bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 09/03/2020

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-03/2019 खंड II ...797... प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 1714 दिनांक 31.10.2019 द्वारा अन्य पैक्सों सहित पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज प्रखंड के ममरखा टोला भैया पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। किन्तु मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी के कारण प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 2192 दिनांक 06.12.2019 द्वारा उक्त पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम स्थगित किया गया था।

2. प्राधिकार के आदेश ज्ञापांक 736 दिनांक 03.03.2020 द्वारा ममरखा टोला भैया पैक्स की मतदाता सूची में सुधार कर मतदाता सूची दिनांक 06.03.2020 को पूर्व से विनिर्दिष्ट स्थलों पर प्रकाशित करने का निदेश निर्गत है।

3. मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात् उक्त पैक्स के स्थगित चुनाव को प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 1714 दिनांक 31.10.2019 के सूचना के प्रकाशन के प्रक्रम से आगे नामांकन की प्रक्रिया से निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:-

| क्र० | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | नामांकन की तिथि | 23.03.2020 (सोमवार) एवं 24.03.2020 (मंगलवार) |
| 2. | संवीक्षा की तिथि | 25.03.2020 (बुधवार) |
| 3. | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 27.03.2020 (शुक्रवार) |
| 4. | मतदान की तिथि | 04.04.2020 (शनिवार) |
| 5. | मतगणना की तिथि | 04.04.2020 (मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| 6. | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 08.04.2020 (बुधवार) |

4. पूर्व में नामांकन किये सदस्यों को पुन: नामांकन करने की आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु जिन व्यक्तियों का नाम प्राधिकार के आदेश ज्ञापांक 736 दिनांक 03.03.2020 द्वारा मतदाता सूची में सम्मिलित किया गया हो, उन्हें नामांकन का अवसर प्रदान किया जायेगा।

5. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में संबंधित पैक्स के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तहार आदि चिपकाकर किया जायेगा। दिनांक 18.03.2020 को इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजेंगे।

6. मतदान का समय 07 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन के पश्चात् निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र- ई० 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

7. उक्त अधिसूचना की शेष बातें यथावत रहेंगी।

09.3.20
(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : ...797... पटना/ दिनांक 09/03/2020

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

09.3.20
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : ...797... पटना/ दिनांक 09/03/2020

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/ जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), पूर्वी चम्पारण/ पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण / उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स0स0), पूर्वी चम्पारण / जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण / प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), अरेराज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.3.20
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : ...797... पटना/ दिनांक 09/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.3.20
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : ...797... पटना/ दिनांक 09/03/2020

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.3.20
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : ...797... पटना/ दिनांक 09/03/2020

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ संयुक्त सचिव/ प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.3.20
संयुक्त सचिव